# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , शुक्रवार,19 दिसंबर 2025


PAGE NO : IV TOP

- श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में कूच बिहार ट्राफी का समापन दोपहर 1 बजे

PAGE NO : IV MIDDLE

## कूच बिहार ट्रॉफी : यूपी ने बंगाल पर बनाई 45 रनों की बढ़त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में चल रही कूच बिहार ट्रॉफी अंडर-19 मैच के तीसरे दिन गुरुवार को बंगाल और यूपी की टीम के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। तीसरे दिन बंगाल की टीम 171 रन बना सकी। इसके बाद मैदान पर उतरे यूपी टीम के बल्लेबाजों ने खेल समाप्त होने तक 8 विकेट के नुकसान पर 216 रन बनाकर बंगाल पर 45 रनों की लीड हासिल की।

उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देश पर बरेली क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में चल रही कूच बिहार ट्रॉफी के दूसरे दिन का मैच कोहरा की वजह से नहीं हो सका। तीसरे दिन धूप खिलने पर रोशनी और दृश्यता ठीक होने पर मैच रेफरी प्रकाश भट्ट ने मैच कराने का फैसला किया। सुबह 10.20 बजे दोनों टीमें मैदान पर पहुंचीं। बंगाल टीम ने पहले दिन के स्कोर 3 विकेट के नुकसान पर 89 रन से आगे खेलना शुरू किया।



श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में मैच खेलती यूपी और बंगाल की टीम।

- **पहली पारी में बंगाल ने 171 तो यूपी की टीम ने बनाए 8 विकेट के नुकसान पर 216 रन**

### डीआईजी भी क्रिकेट मैच देखने पहुंचे

तीसरे दिन खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने डीआईजी अजय साहनी, एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी नार्थ मुकेश मिश्रा, सहारनपुर क्रिकेट एसोसिएशन के डायरेक्टर अकरम सैफी, पूर्व रणजी खिलाड़ी मोहम्मद असलम खान, प्रेम प्रकाश अग्रवाल भी स्टेडियम पहुंचे। बीसीए के संरक्षक एवं एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, सीताराम सक्सेना, ओपी कोहली, शहजाद अली आदि मौजूद रहे।